हर मंगलवार हमारे घर आया करो

हर मंगलवार हमारे घर आया करो,
बाबा आया करो फिर ना जाया करो......

लाल अटरिया बाबा लाल किवड़िया,
बाबा लाल ध्वजा फहराया करो,
हर मंगलवार हमारे घर आया करो.......

कंचन थाल कपूर की बाती,
बाबा जगमग ज्योत लगाया करो,
हर मंगलवार हमारे घर आया करो.......

मोती चूर मगज के लाड्डू,
बाबा रुच रुच भोग लगाया करो,
हर मंगलवार हमारे घर आया करो.......

राम लखन और भरत शत्रुघ्न,
बाबा संग में सीता को लाया करो,
हर मंगलवार हमारे घर आया करो.......

तुलसीदास आस रघुवर की,
बाबा भक्तों का मान बढाया करो,
हर मंगलवार हमारे घर आया करो.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29967/title/har-mangalvaar-humare-ghar-aaya-karo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |